आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 मई 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश में पांचवें, छठवें और सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोर शोर से चल रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के मुखिया, वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अलग अलग लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा, रोड शो और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। इस क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बसपा और सपा की पूर्ववर्ती सरकारें भ्रष्टाचार और माफिया राज को बढ़ावा दे रही थीं। यह क्षेत्र अवैध खनन के लिए बदनाम हो गया था, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही यहां मच रही लूट समाप्त हो गई। इसके बाद उन्होंने जालौन, झांसी और लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित किया। उधर, जनपद बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में आज भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू के समर्थन में जन सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक हुये चुनाव में भाजपा को अपार जन समर्थन मिल रहा है। जनता तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये उत्साहित है। उधर, श्रावस्ती में अपना दल की वरिष्ठ नेता अनुप्रिया पटेल ने भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा के समर्थन में वोट मांगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के खोखले भाषणों से मतदाता संतुष्ट होने वाला नहीं है। चार चरणों का चुनाव संपन्न होने के बाद जनता ने भाजपा एनडीए को पूर्ण समर्थन देने का मन बना लिया है।

इसके अलावा समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बलरामपुर जिले की गैसड़ी विधानसभा सीट और फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार के लिये प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चार सौ पार का नारा दे रही है, मगर देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता ने इन्हें एक सौ चालीस सीटों से ज्यादा न देने का मन बना लिया है।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिह सुक्खू और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने मोहनलालगंज सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार कौशल किशोर के लिये प्रचार किया।

****

इंडी गठबंधन ने आज प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक प्रेस वार्ता की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत दोनों पार्टियों के सभी प्रमुख नेता मौजूद रहे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अब तक हुए चुनावों में इंडी गठबंधन मजबूत स्थिति में है और मोदी जी का जाना तय है। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह उनकी पार्टी के विजन डॉक्यूमेंट में है और इंडी गठबंधन के घोषणापत्र में भी है कि अगर वे सत्ता में आए तो सभी खाली सरकारी पद भरे जाएंगे और शिक्षित युवाओं को नौकरियां दी जाएंगी।

****

प्रदेश में सातवें चरण की तेरह लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच शुरू हो गयी। पहले दिन गोरखपुर और बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के नामांकन पत्रों की जांच की गयी, गोरखपुर लोकसभा सीट से आज जांच के बाद 13 प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाए गए। जबकि उन्नीस प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में त्रुटियां मिलने से उन्हें खारिज कर दिया गया। इसी क्रम में बांसगांव लोकसभा से 8 पर्चे वैध मिले जबकि तीन को खारिज कर दिया गया। उधर, महराजगंज लोकसभा क्षेत्र के नामांकन पत्रों की जाँच के बाद छः नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है। कुल आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध मिले हैं। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि 17 मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

****

प्रदेश में चल रहे लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में आज वाराणसी के गंगापुर इंटर कॉलेज के मैदान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली गंगापुर इंटर कॉलेज से शुरू होकर नगर पंचायत होते हुए गोला बाजार में संपन्न हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदान संबंधी नारे लगाते हुए लोगों को ''पहले मतदान फिर जलपान'' के लिए प्रेरित किया।

उधर, चित्रकूट में स्वीप के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन चित्रकूट स्टेडियम में किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न कॉलेजों के छात्र–छात्राओं, आम जनमानस व अधिकारियों और कर्मचारियों ने ''वोट करेगा चित्रकूट 20 मई 2024'' की जन आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता की शपथ ली।

****

भारतीय वायु सेना ने आगरा में उड़ान के समय आपातकालीन लैंडिग–एयरड्रॉप के लिए अत्याधुनिक स्वदेशी मोबाइल चिकित्सा, भीष्म क्यूब का परीक्षण किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह तकनीक किसी भी आपातकालीन स्थिति में चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने में मददगार होगी। भीष्म कार्यक्रम भारत स्वास्थ्य पहल का एक हिस्सा है। इसे लगभग दो सौ घायलों के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

****